







# शहर के सबसे बड़े वार्ड-15 में प्राकृतिक नहीं बल्कि कृत्रिम बाढ़

## निजी भूमि से निकले नालों का बदला गया स्वरूप, नाले के दोनों तरफ रसूखदारों का अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, अतिवृष्टि से शहर में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हुए है. नदी से सटे वार्डो में जलभराव होना स्वभाविक है. लेकिन शहर के सबसे बड़े वार्ड क्रमांक 15 रतहरा में बाढ़ पानी निकासी की व्यवस्था न होने और नालों में किये गये अतिक्रमण मुख्य कारण है. निजी भूमि से निकले प्राकृतिक नाले का स्वरूप बदल कर अवैध प्लाटिंग कर दी गई. लिहाजा पानी निकलने के लिये जगह नही मिली.**

गुलाब नगर में मुख्यमंत्री भी निरीक्षण करने पहुंचे. दरअसल सबसे ज्यादा आबादी वाले इस वार्ड में नालों की आवश्यकता है. माडल रोड़ में नाले का निर्माण पानी निकासी के लिये किया गया लेकिन नाली से डेढ़ फिट ऊपर नाला होने के कारण पानी की निकासी नही होती, जिसके कारण विहान हास्पिटल के आसपास जलभराव इस बार हुआ. पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण जलभराव की





स्थित पैदा हुई है.

**ग्रामीण क्षेत्र का पानी आता है वार्ड में** -रतहरा वार्ड में ग्रामीण क्षेत्रों का भी पानी आता है. कोष्टा, सोनौरा, बेलहा, भुंडहा, गड़रिया, रतहरी, जिउला का भी पानी रिंग रोड़ एवं बाईपास होते हुए वार्ड 15 में आता है जिसके कारण जलभराव की स्थित उत्पन्न होती है.

### नाले पर है अतिक्रमण

वार्ड 15 के पूर्व पार्षद एवं कांग्रेस शहर अध्यक्ष अशोक पटेल ने बताया कि नालों में दोनो तरफ किया गया अतिक्रमण जलभराव का कारण है. इसके अलावा जो निजी भूमि में नाले थे उनका स्वरूप ही बदल दिया गया है. पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण जलभराव हुआ है. श्री पटेल ने बताया बताया कि वार्ड से लगे ग्रामीण क्षेत्र का भी पानी आता है. रिंग रोड़ और बाईपास से नाले का निर्माण किया जाय और उसका पानी नदी में छोड़ जाय ताकि जलभराव न हो.

### पूर्व पार्षद की दीवार तोड़ कर हटाया अतिक्रमण

शहर में जलभराव के बाद प्रशासन और नगर निगम एक्शन में आ गया है. शहर के वार्ड क्रमांक 15 में जलभराव के कारण सबसे ज्यादा तबाही हुई है. दरअसल यहा नालों में किये गये अतिक्रमण के चलते पानी की निकासी नही हो पाई और लोगो के घरों में पानी घुसा. मंगलवार को हुजूर तहसीलदार अनुपम पाण्डेय नगर निगम के अधिकारियों के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंचे, इस दौरान पुलिस बल मौजूद रहा. नाले पर भाजपा के पूर्व पार्षद रामराज पटेल द्वारा किये गये अतिक्रमण के कुछ हिस्से को जेसीबी से तोड़ा गया. इसके बाद पूर्व पार्षद का परिवार विरोध करने पहुंच गया, जहा जमकर बहसबाजी हुई और उसके बाद आगे की दीवार नही तोड़ी गई. दरअसल पूर्व में राजस्व एवं नगर निगम ने की टीम ने नाले का सीमांकन किया था. जिस पर अतिक्रमण पाया गया था, लेकिन अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नही की गई और जलभराव की स्थित उत्पन्न हुई. तहसीलदार अनुपम पाण्डेय और पूर्व पार्षद के बीच नोकझोक भी हुई. पर्याप्त बल न होने के कारण अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पूरी नही हो पाई. नाले पर किये गये अतिक्रमण के कारण वार्ड 15 में जलभराव की स्थित निर्मित हुई है. इसी तरह शहर एवं जिले के अन्य स्थानों पर पानी निकासी के लिये अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई. यह कार्यवाही अब जारी रहेगी.

### अधूरा नाला बनाकर छोड़ दिया गया

2016 में आई बाढ़ के बाद आचार्य नगर गोपाल टाइल्स के पीछे से फूलमती मंदिर तक नाले का अधूरा निर्माण कराया गया. जिसके बाद पानी सीधे आवासी क्षेत्र में फैलता है और एक नाला आचार्य नगर से होकर बाल न्यायालय के पास आकर मिलता है जिसका पानी अमहिया नाले में गिरता है. लेकिन दोनो तरफ किये गये अतिक्रमण के वजह से नाले की चौड़ाई कम हो गई है. इसके अलावा रतहरी और गड़रिया सीमा पर एक नाला है जिस पर कब्जा किया गया है लिहाजा पानी निकासी नही हो पाती है.

# जलभराव को लेकर महापौर ने अधिकारियों के साथ किया मंथन, अतिक्रमण हटाने दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, हाल ही में तेज बारिश से शहर में जलभराव के साथ बाढ़ की स्थित निर्मित हुई. कई लोगो की गृहस्थी उजड़ गई. मंगलवार को महापौर अजय मिश्रा बाबा ने निगम आयुक्त अक्षत जैन की मौजूदगी में जलभराव को लेकर समीक्षा की.**

भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए. महापौर ने निर्देशित किया कि शहर में जिन-जिन स्थानों पर जलभराव हुआ, वहां जलभराव के कारणों एवं स्थायी निदान की वार्डवार रिपोर्ट तीन दिवस में प्रस्तुत की जाए. साथ ही अमृत योजना के अंतर्गत निर्मित स्टॉर्म वाटर नालों की लंबाई, चैड़ाई एवं गहराई निर्धारित स्पेसिफिकेशन एवं मापदंड के अनुरूप है अथवा नहीं, इसकी जांच कर सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए. निकासी स्थल पर नालों की साइज कम पाए जाने वाले स्थलों का विशेष रूप से परीक्षण करने के निर्देश दिए. महापौर ने पोखरी टोला, वार्ड क्रमांक 15 एवं 25 की सीमा में बनाए गए नाले की गुणवत्ता एवं लेवल की जांच कर करने को कहा एवं अनियमितता पर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए. नाली एवं पुलिया निर्माण के अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने तथा नाली एवं नालों की निकासी में जहां-जहां अतिक्रमण है, उसे चिन्हित कर हटाने की कार्यवाही करने एवं सात दिवस के अंदर पूर्ण सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया. महापौर ने शहर से संचालित डेयरी को बाहर करने की योजना तत्काल तैयार कर आवासीय मोहल्लों से डेयरी हटाने के निर्देश दिए. कनोड़िया पेट्रोल पम्प के पास से अतिक्रमण हटाने के निर्देश महापौर ने दिये.

### अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश

महापौर ने बैठक में समस्त अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध 15 दिवस के अंदर कार्यवाही पूर्ण करने तथा लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई के भी निर्देश दिए. सीवर लाइन डालते समय की गई ऐसी क्रॉसिंग, जिन्हें अव्यवस्थित रूप से भरने के कारण पानी की निकासी बाधित हुई है, उन सभी स्थलों में समाधानात्मक कार्यवाही कर जानकारी सात दिवस के अंदर महापौर कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा. नवीन पाइप लाइन कार्य के पूर्व डाली गई लाइनों का रेस्टोरेशन शीघ्र करने के निर्देश दिए. महापौर ने स्वीकृत मानचित्र के विरुद्ध किए गए निर्माण, सड़क पर रैम्प, सामने खुली भूमि नहीं छोड़ने, नाली पर निर्माण, बेसमेंट में अवैध कब्जे, जर्जर भवन सहित अन्य मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

## संक्षिप्त

### लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक कल

**रीवा,** लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 27 अगस्त को सुबह 11 बजे से बाणसागर सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की जा रही है. इसकी अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी करेंगी. इस संबंध में जिला महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने बताया कि बैठक में रीवा जिले में लघु उद्योगों के संवर्धन के प्रयासों, प्रदेश की एमएसएमई विकास नीति तथा उद्योगों की स्थापना में आने वाली कठिनाईयों को दूर करने पर चर्चा की जाएगी. समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

### आयुक्त नगर निगम नोडल अधिकारी नियुक्त

**रीवा,** शासन के निर्देशों के अनुरूप संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 4 सितम्बर को श्रीकृष्ण पर्व पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन रीवा में किया जा रहा है. यह कार्यक्रम नगर पालिक निगम के टाउनहाल में आयोजित किया जाएगा. इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन को नोडल अधिकारी बनाया गया है. नोडल अधिकारी शासन के निर्देशों के अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराएं.

### रूढ़ियों को तोड़ विदा हुए एयरफोर्स के रिटायर्ड सैनिक

**रीवा,** रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान ब्लाक के ग्राम अटरा पंचायत उलही कला निवासी व एयरफोर्स से रिटायर्ड सैनिक मुनीष दुबे का कैंसर की बीमारी के कारण दिल्ली में दुखद निधन हो गया. उनके पार्थिव शरीर को दिल्ली से प्रयागराज लाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया. परिवारिक सदस्यों के मुताबिक दिवंगत मुनीष दुबे का कोई पुत्र नहीं है, उनकी तीन बेटियां हैं. अंतिम संस्कार के समय जब समाज की पुरानी परंपराओं के अनुसार उनके छोटे भाई अरुण दुबे मुखाग्नि देने के लिए तैयार थे, तब बड़ी बेटी डिंपल दुबे ने आगे आकर पिता को मुखाग्नि देने का फैसला किया. वहां मौजूद कई लोगों ने रूढ़िवादी मान्यताओं का हवाला देकर डिंपल को मना करने का प्रयास किया, लेकिन बेटी अपने फैसले पर अडिग रही. डिंपल ने भावुक होते हुए कहा मैं भी अपने पिता की संतान हूँ और मुझे अपना फर्ज निभाने का पूरा हक है' समाज की परवाह किए बिना बेटी ने नम आंखों से पिता को मुखाग्नि दी. अंतिम संस्कार में उनके परिजन सहित चारों बहनें और बहुएं उपस्थित रहीं. सभी ने नम आंखों से देश के सेवानिवृत्त सैनिक को अंतिम विदाई दी.



### जल भराव से हुई हानि का सर्वे करें : सूर्यवंशी

**रीवा,** जिले में 19 और 20 अगस्त को भारी वर्षा के कारण रीवा शहर सहित सैकड़ों गांवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई. बस्तियों में जल भराव के कारण कई कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए. बाढ़ से फसलों, पशु हानि तथा घरेलू उपयोग की सामग्री की भी हानि हुई. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सभी एसडीएम को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का तीन दिन में सर्वेक्षण कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा है कि सभी एसडीएम सर्वे कार्य की सतत् निगरानी करें. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का संवेदनशीलता से और तय समय सीमा में सर्वे कार्य पूरा कराएं. बाढ़ तथा अन्य प्राकृतिक आपदा में यदि किसी की मौत हुई है तो तत्काल राहत राशि का प्रकरण बनाकर मृतक के परिजनों को राहत राशि प्रदान करें. बाढ़ के कारण गंदगी तथा जल भराव की समस्या का स्थानीय निकाय के माध्यम से समाधान कराएं. आयुक्त नगर निगम तथा सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल साफ-सफाई कराएं. जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभावित गांवों में ग्राम पंचायत के माध्यम से साफ-सफाई कराएं. कलेक्टर ने बताया कि जलभराव को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है.

# कलेक्टर ने 19 अधिकारियों को दिया कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर 19 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है.**

नोटिस का तीन दिन की समय सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी. कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण को शासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है. मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविरों में भी संबंधित क्षेत्र के सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई के शत-प्रतिशत आवेदन पत्र निराकृत करने के निर्देश हैं. साप्ताहिक समीक्षा बैठक में भी सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का संवेनशीलता से निराकरण के लिए लगातार सचेत किया गया. इसके बावजूद सीएम हेल्पलाइन में जुलाई माह में दर्ज प्रकरणों एवं 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरती गई. जिसके कारण विभाग और जिले की रैकिंग पर विपरीत असर पड़ा, जिसके कारण नोटिस दिया गया है. कलेक्टर ने एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, एसडीएम त्योंथर राकेश कुमार चौरसिया, एसडीएम गुढ़ सुधाकर सिंह बघेल, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी को नोटिस दिया है.

कलेक्टर ने तहसीलदार जवा सौरभ द्विवेदी, तहसीलदार त्योंथर पारसनाथ मिश्रा, तहसीलदार हुजूर शहर अनुपम पाण्डेय, तहसीलदार हुजूर ग्रामीण शिवशंकर शुक्ला, तहसीलदार मनगवां आंचल अग्रहरि, तहसीलदार सेमरिया ममता पटेल, तहसीलदार गुढ़ अरूण यादव को भी कारण बताओ नोटिस दिया है. कलेक्टर ने सहायक संचालक उद्यानिकी दीक्षा चौरे, सहायक संचालक पिछड़ावर्ग सुमन द्विवेदी, प्रभारी अधिकारी अक्षय ऊर्जा रमाशंकर तिवारी, जिला संयोजक जनजातीय कार्य केके पाण्डेय को नोटिस दिया है.



# बंजारी के तालाब मे मिला अज्ञात युवक का शव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बंजारी गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब सुबह मरवाही तालाब से एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया.**

सुबह करीब 11 बजे जब स्थानीय ग्रामीण तालाब की तरफ गए, तब उन्होंने भीट पर युवक की लाश देखी. ग्रामीणों बिना वक्त गंवाए तुरंत इसकी सूचना स्थानीय गुढ़ थाना पुलिस को दी. इधर शव मिलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते तालाब के किनारे भारी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई.

सूचना मिलते ही गुढ़ थाना पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंची. पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया. पुलिस फिलहाल मृतक की उम्र और पहचान को लेकर जांच कर रही है. आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की गई, लेकिन नही हुई.

# रीवा में बाढ़ प्राकृतिक नहीं बल्कि पूर्णत : कृत्रिम रही : शर्मा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, रीवा शहर सहित सम्पूर्ण जिला कुछ घन्टों की बारिश से जल मग्न हो गया, लोगों को भीषण तबाही का सामना करना पड़ा, जहां कभी बाढ़ नही थी, वहां भी भीषण जल भराव के कारण तबाही देखने को मिली.**

रीवा शहर मे आई बाढ़ प्राकृतिक न होकर पूर्णतः कृत्रिम एवं प्रदेशर सरकार के सुनियोजित पैसा कमाने की भावना से ग्रसित विकास का परिणाम है, उक्त बातें पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कही. श्री शर्मा ने कहा कि शहर सहित ग्रामीण अंचलो में भी बाढ़ आई है. श्री शर्मा ने आरोप लगाया कि नदी की चौड़ाई एवं नये पुलों की चौड़ाई को सकरी कर दिया गया है, नालों मे अतिक्रमण कर घर बना दिये गये हैं, पूरे नये शहर मे अवैध कालोनियों का जाल है, इन कालोनियों मे पानी निकासी की कोई व्यवस्था प्रशासन द्वारा नही की गई, रिंग रोड स्टॉप डैम का काम कर रही है. जिसके कारण पहली बार गड्डी रोड मे पानी भराव के कारण खौर, कोठी, भटलों आदि ग्राम बाढ़ से प्रभावित हुये हैं. त्योंथर मे मेन्टेना कम्पनी की नहर ने दो हजार लोगों को तबाह कर दिया, उन्होने बताया कि कांग्रेस पार्टी संगठन के माध्यम से बाढ़ प्रभावितों के नुकशानी का आंकलन करा रही है, रिपोर्ट प्राप्त होते ही जिला कलेक्टर से मिल कर राहत पैकेज की प्रदेश सरकार से मांग करेगें. सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री का मात्र आश्वासन मिला, धरातल पर कोई काम दिखाई नही दे रहा. वही महापौर अजय मिश्रा ने कहा अदूरदर्शी निर्णय के कारण बाढ़ आई है. नालों पर अतिक्रमण और अवैध कालोनियों की बसाहट जलभराव का एक मुख्य कारण है.

# बाढ़ वाले क्षेत्रों में नुकसान का तत्काल सर्वे किया जाए : शीलेन्द्र

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, रीवा संभाग कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने संभागीय समय सीमा की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति वाले ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराएं.**

शुद्ध पेयजल हेतु हैंड पंपों में ब्लीचिंग पाउडर इत्यादि से क्लोरिनेशन अनिवार्य रूप से कराएं. कमिश्नर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री क्षतिग्रस्त



पाइपलाइनों का तत्काल सुधार कराकर साफ पानी की आपूर्ति कराएं. उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों को शहरी क्षेत्र में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और कहा कि सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए. साफ-सफाई के अभाव में किसी भी प्रकार की वर्षा जनित बीमारी न पनपने पाए. कमिश्नर ने कहा कि पेयजल के सेंपल लेकर जांच कराएं. राजस्व अधिकारी वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सर्वे करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें. पात्र व्यक्तियों को राहत राशि वितरित करें.

कमिश्नर ने पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की वह बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में मृत हुए पशुओं का वैज्ञानिक तरीके से डिस्पोज करें, साथ ही बीमार पशुओं का उपचार भी प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें. पशु चिकित्सा विभाग का अमला वर्षा जनित क्षेत्र में अनिवार्य रूप से मौजूद रहे और पशुओं का उपचार करे. बैठक में अधिकारीगण मौजूद रहे.

# जनगणना की हैण्डबुक निर्माण का कार्य 31 तक पूरा करें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने जनगणना कार्यो की समीक्षा की.**

अपर कलेक्टर ने बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना की हैण्डबुक निर्माण का कार्य 31 अगस्त तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं. तहसील मनगवां, जवा, सिरमौर, रायपुर कर्चुलियान, गुढ़ और सेमरिया में हैण्डबुक निर्माण में अपेक्षा के अनुरूप प्रगति नहीं है. पटवारियों को आवंटित गांव की हैण्डबुक से जुड़ी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराएं. जनगणना राष्ट्रीय महत्व का समयबद्ध कार्य है. इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें. सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ चार्ज अधिकारियों द्वारा जनगणना हैण्डबुक दर्ज करने की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा करें. तय समय सीमा में हैण्डबुक भरने का कार्य पूरा कराएं. समय के पहले निर्माण कार्य हो.

# जनसुनवाई में जलभराव की पहुंची शिकायतें

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, मंगलवार को जनसुनवाई में सबसे ज्यादा शिकायते जलभराव को लेकर पहुंची.**

अधिकांश लोगो ने पानी निकासी की व्यवस्था न होने एवं किये गये अतिक्रमण की शिकायत की. कलेक्टर ने 292 आवेदनों की सुनवाई की. कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी तत्परता और संवेदनशीलता से जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण करें. आवेदन में की गई कार्यवाही से आवेदक को भी अवगत कराएं. निराकरण की जानकारी पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज करें. जनसुनवाई के आवेदनों के निराकरण में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी.

# किसानों ने आवारा मवेशियों को खदेड़कर गौशाला में किया बंद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 25 अगस्त, मऊगंज के ग्राम पंचायत सरैहा और छुहिया में आवारा मवेशियों से परेशान किसानों ने एक बड़ा कदम उठाया है.**

फसलों को लगातार हो रहे नुकसान से आक्रोशित किसानों ने दर्जनों मवेशियों को सुरक्षित ले जाकर ग्राम पंचायत सरैहा के शासकीय गौशाला में शिफ्ट



करवा दिया है. ग्रामीणों ने इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत सरैहा के सरपंच सुरेश कुमार गुप्ता और गौशाला प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं. किसानों का साफ कहना है कि यदि इस बार मवेशियों को दोबारा खुला छोड़ा गया, तो सरपंच के खिलाफ उग्र आंदोलन और कानूनी कार्रवाई की जाएगी. ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में घूम रहे आवारा मवेशी दिन-रात किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं. खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो रही हैं. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरैहा गौशाला के कर्मचारी मवेशियों को सही ढंग से रखने के बजाय चुपके से वापस बाहर छोड़ देते हैं.